अध्याय 28
याजकीय वस्त्रों के लिए निर्देश

इस्राएलियों को तम्बू के साजो-सामान, तम्बू, और निवास-स्थान के आँगन (25:8-27:21) के निर्माण के निर्देश देने के बाद, यहोवा ने उन याजकों के वस्त्रों के विषय में निर्देश दिए जो तम्बू में सेवा करेंगे (28:1-29:46)। तम्बू के साथ याजकों के निकटवर्ती सम्बन्ध का संकेत उनकी सेवा के विषय में निर्देशों को एक लम्बे वाक्यांश में सम्मिलित करने के द्वारा दिया गया जो अन्य प्रकार से ढाँचे के निर्माण के प्रति समर्पित थे (अध्याय 25-31)। अध्याय 28 बताता है कि याजकों के वस्त्र किस प्रकार बनाए जाने थे, और अध्याय 29 वर्णन करता है कि किस प्रकार याजकों को उस सेवा के लिए अभिषेक करना था जिसके लिए उन्हें बुलाया गया था।

अध्याय 28 में, यहोवा ने विशेष तौर पर बताया कि कौन याजकों के रूप में सेवा करेंगे, अर्थात हारून और उसके पुत्र, और इसके बाद उसने आज्ञा दी कि जो विशेष वस्त्र उनके लिए बनाए जाएंगे उन्हें सेवा करते समय उनको पहनना पड़ेगा (28:1-5)। इसके बाद, उसने प्रत्येक वस्त्र के लिए विशिष्ट निर्देश दिए, और इसका आरम्भ उन वस्त्रों के साथ किया जो महायाजक हारून पहनेगा: सुलेमानी मणि सहित एक एपोद (28:6-14); सीनाबंद या चपरास जिसमें ऊरीम और तुम्मीम रखे गए थे (28:15-30); बागा (28:31-35); और सोने की पट्टी, अंगरखा, पगड़ी, और कमरबन्द (28:36-39)। अध्याय उन वस्त्रों के साथ समाप्त होता है जो सभी याजकों के लिए एक समान थे - अंगरखे, कमरबन्द, टोपियाँ और सनी के कपड़े की जाँघिया (28:40-43)।

याजकों का ठहराया जाना (28:1-5)

1"फिर तू इस्राएलियों में से अपने भाई हारून, और नादाब, अबीहू, एलीआज़ार और ईतामार नामक उसके पुत्रों को अपने समीप ले आना कि वे मेरे लिये याजक का काम करें। 2और तू अपने भाई हारून के लिये वैभव और शोभा के निमित्त पवित्र वस्त्र बनवाना। 3और जितनों के हृदय में बुद्धि है, जिनको मैं ने बुद्धि देनेवाली आत्मा से परिपूर्ण किया है, उनको तू हारून के वस्त्र बनाने की आज्ञा दे कि वह मेरे निमित्त याजक का काम करने के लिये पवित्र बने। 4जो वस्त्र उन्हें बनाने होंगे वे ये हैं, अर्थात् सीनाबन्द, और एपोद, और बागा, चारखाने का अंगरखा, पगड़ी और कमरबन्द; ये ही पवित्र वस्त्र तेरे भाई हारून और उसके पुत्रों के लिये

बनाए जाएँ कि वे मेरे लिये याजक का काम करें। [5]और वे सोने और नीले और बैंजनी और लाल रंग का और सूक्ष्म सनी का कपड़ा लें।"

आयत 1. परमेश्वर ने एक-एक करके यह वर्णन करना आरम्भ किया कि कौन **याजक** (कों) के रूप में सेवा करेंगे-अर्थात **हारून** और **उसके पुत्र।** याजकों के समाज के अभिषेक से पहले-अन्य लोग याजकीय कार्य किया करते थे। पैतृक युग में, बलिदान चढ़ाने की जिम्मेदारी प्रत्यक्ष तौर पर परिवार के मुखिया की होती थी। उदाहरण के लिए, अब्राहम ने वेदियाँ बनाईं और बलिदान चढ़ाए (उत्पत्ति 12:8; 13:18; 22:9, 13), और अय्यूब ने भी बलिदान चढ़ाए (अय्यूब 1:5)। निर्गमन में थोड़ा पहले, जवान पुरुषों ने याजकीय कर्तव्य पूरे किए थे (24:5)। वे इस कार्य के लिए अति उपयुक्त थे क्योंकि पशुओं का वध करना और उनकी लोथों को सम्भालने में शारीरिक परिश्रम की आवश्यकता रही होगी।

इस बिंदु पर, एक परिवार को याजकों के रूप में सेवा करने के लिए नियुक्त कर दिया गया: हारून का परिवार। हारून की नियुक्ति का शब्द में कोई कारण नहीं दिया गया है। प्रत्यक्ष तौर पर, परमेश्वर ने उसमें और उसके वंशजों में वह गुण देखे जो याजकों के लिए आवश्यक थे। बाद में, लेवी गोत्र के लोग परमेश्वर के प्रति उनके हार्दिक भक्ति के कारण प्रसिद्ध हो गए (32:26-28) और उन्हें याजकीय गोत्र के रूप में, और याजकों के सहायकों के रूप में सेवा के लिए अलग कर दिया गया।

हारून के चार पुत्र दो जोड़ों में हैं: **नादाब, अबीहू, एलीआज़ार और ईतामार**। पहला जोड़ा, "नादाब और अबीहू," मारे गए क्योंकि उन्होंने वेदी पर "ऊपरी आग" को चढ़ाया था (लैव्य. 10:1, 2)। यह घटना स्पष्ट तौर पर उनके याजक नियुक्त किए जाने के अधिक समय बाद नहीं हुई थी। दूसरी जोड़ी, "एलीआज़ार और ईतामार" उनके धार्मिक व्यवहार के लिए स्मरण किए जाते हैं (38:21)। ईतामार का बाद में तम्बू के निर्माण के सम्बन्ध में वर्णन किया गया है (गिनती 20:24-28)। बाद में इस्राएल के इतिहास में इन परिवार श्रेणियों के महत्व पर टिप्पणी करते हुए, आर. एलन कोल ने लिखा, "यरूशलेम में बाद के सादोकी महायाजकों ने स्वयं को [*एलीआज़ार*] की वंशावली का पाया (1 इतिहास 6:3-8), जबकि एली का घराना, दाऊद के याजक एब्यातार समेत, उन्होंने स्वयं को *ईतामार* के वंश का होने का पता लगाया (1 इतिहास 24:3)।"[1]

यद्यपि लेवी का गोत्र याजकीय गोत्र बन गया, फिर भी सभी लेवी याजकों में सेवा करने के योग्य नहीं थे। हारून, जो स्वयं लेवी का वंशज था, केवल उसकी वंशज याजक बन सकते थे; और महायाजक को उनके मध्य से चुना जाता था। लेवी याजकों के सहायकों के रूप में सेवा किया करते थे और उनके पास और अन्य काम भी थे। इसी कारण, सारे याजक लेवीय थे (वे लेवी के वंशज थे), परन्तु सभी लेवी याजक नहीं थे (केवल वे जो हारून के वंशज थे वे ही याजकों के रूप में सेवा कर सकते थे)।

आयतें 2-5. इसके बाद यहोवा ने आज्ञा दी कि जब याजक सेवा करें तो उनके

लिए विशेष वस्त्र बनाए जाएं। **हारून**, महायाजक, को **वैभव और शोभा** निमित्त बने **पवित्र वस्त्रों** में परमेश्वर की सेवा करनी थी। हारून की भूमिका विशेष होने वाली थी, जिसे अन्य याजकों से अलग रखा गया था, और उसके वस्त्र इस भेद को दर्शाते थे। वस्त्रों का, **सीनाबन्द**, एक **एपोद**, एक **बागा**, एक **चारखाने का अंगरखा**, और एक **कमरबन्द**, का विवरण और अधिक विस्तार से 28:6-43 में दिया गया है।

अध्याय 39 में, जो कि याजकीय वस्त्रों के निर्माण के विषय में वर्णन करता है, उसमें महायाजक, हारून, और अन्य याजकों के मध्य में एक भेद किया गया है, जो कि हारून के पुत्र थे। अध्याय इस प्रकार आरम्भ होता है, "फिर उन्होंने नीले, बैंजनी और लाल रंग के काढ़े हुए कपड़े पवित्रस्थान की सेवा के लिये, और हारून के लिये भी पवित्र वस्त्र बनाए (39:1)। "पवित्र स्थान में सेवा करने के लिए" याजकीय वस्त्र "पवित्र वस्त्रों" से भिन्न थे जो हारून और उसके बाद के महायाजकों के द्वारा पहने जाने वाले थे। परमेश्वर ने मूसा से कहा, "तू अपने भाई हारून के लिए वैभव और शोभा के निमित्त पवित्र वस्त्र बनवाना" (28:2)। केवल महायाजक, हारून के वस्त्रों को "पवित्र" नियुक्त किया गया था।

भेद पर इस तथ्य के द्वारा बल दिया गया है कि महायाजक के वस्त्रों का विवरण विस्तार से दिया गया है, जबकि केवल कुछ जानकारियाँ अन्य याजकों के वस्त्रों का वर्णन करती हैं। जो पोशाक महायाजक को उसके आधिकारिक कर्तव्यों को पूरा करते समय पहननी थी वह सुसज्जित रूप से बनाई गई, प्रभावशाली, और सांकेतिक थी। अन्य याजकों के द्वारा पहने जाने वाले वस्त्र अधिक सामान्य थे। उनके लिए, जिस की आवश्यकता थी वह केवल एक अंगरखा, एक कमरबन्द, और सनी के कपड़े की जाँघिया, और एक टोपी थी। महायाजक केवल एक टोपी को छोड़कर, अन्य याजकों के समान साधारण वस्त्र ही पहना करता था। फिर भी, इसके अतिरिक्त, वह एक एपोद, एक सीनाबन्द, एक बागा, और एक पगड़ी के ऊपर एक सोने की पट्टी, भी पहना करता था, ये सभी उसके कार्य के महत्व को दर्शाती थीं।

महायाजक और याजकों के मध्य पोशाकों के भेदों ने उनके कार्यों के बीच के अन्तर पर बल दिया है। यद्यपि याजकों का कार्य महत्वपूर्ण था, तो भी महायाजक की भूमिका भी महत्वपूर्ण थी।

एपोद और सुलैमानी मणि (28:6-14)

6"वे एपोद को सोने और नीले, बैंजनी और लाल रंग के कपड़े का और बटी हुई सूक्ष्म सनी के कपड़े का बनाएँ, जो कि निपुण कढ़ाई के काम करने वाले के हाथ का काम हो। 7वह इस तरह से जोड़ा जाए कि उसके दोनों कन्धों के सिरे आपस में मिले रहें। 8और एपोद पर जो काढ़ा हुआ पटुका होगा उसकी बनावट उसी के समान हो, और वे दोनों बिना जोड़ के हों, और सोने और नीले, बैंजनी और लाल रंगवाले और बटी हुई सूक्ष्म सनी वाले कपड़े के हों। 9फिर दो सुलैमानी मणि लेकर

उन पर इस्राएल के पुत्रों के नाम खुदवाना, 10उनके नामों में से छः एक मणि पर और शेष छः नाम दूसरे मणि पर, इस्राएल के पुत्रों की उत्पत्ति के अनुसार खुदवाना। 11मणि खोदने वाले के काम के समान जैसे छापा खोदा जाता है, वैसे ही उन दो मणियों पर इस्राएल के पुत्रों के नाम खुदवाना; और उनको सोने के खानों में जड़वा देना। 12और दोनों मणियों को एपोद के कन्धों पर लगवाना, वे इस्राएलियों का स्मरण दिलवाने वाले मणि ठहरेंगे; अर्थात् हारून उनके नाम यहोवा के आगे अपने दोनों कन्धों पर स्मरण के लिये लगाए रहे। 13फिर सोने के खाने बनवाना, 14और डोरियों के समान गूँथे हुए दो जंजीर चोखे सोने के बनवाना; और गूँथे हुए जंजीरों को उन खानों में जड़वाना।"

आयत 6. जिस पहले वस्त्र का वर्णन किया गया है वह **एपोद** है। अंग्रेजी शब्द "एपोद" इब्रानी शब्द (אֵפוֹד, *एपोद)* का एक लिप्यन्तरण है। एपोद, स्पष्ट तौर पर एक प्रकार के अंगरखे, का चित्रण एक तहबन्द या एक लहंगे के समान भी किया गया है।[2] इसने महायाजक के कार्य के प्रमुख वस्त्रों की विशिष्टताओं के रूप में सेवा की। यह एक बागे के ऊपर पहना जाता था, और इससे एक सीनाबन्द जुड़ा होता था। "एपोद" शब्द पुराने नियम में कई प्रकार से उपयोग किया गया है। यह एक मूर्ति का सन्दर्भ हो सकता है (न्यायियों 8:27; 18:14, 17, 18, 20)। यह केवल एक साधारण सनी के वस्त्र का सन्दर्भ भी हो सकता है जो प्रत्यक्ष तौर पर याजकों के प्रतिदिन का आदर्श वस्त्र था (1 शमूएल 2:18; 14:3; 22:18)। महायाजक के एपोद में जिस सामग्री का उपयोग किया गया था वह उसी प्रकार की थी जिसका उपयोग तम्बू के परदे को बनाने में हुआ था, इसमें सुनहरे धागे बुने गए जो इसमें और भी "वैभव" और "शोभा" में जोड़ देते थे (28:2)।

निर्गमन 39:2-7 इस पर और प्रकाश डालता है कि इस्राएलियों ने एपोद का निर्माण करने में किस प्रकार से निर्देशों का अनुसरण किया था। उदाहरण के लिए, 28:6 कहता है कि एक एपोद **को सोने और नीले, बैंजनी और लाल रंग के कपड़े का और बटी हुई सूक्ष्म सनी के कपड़े का बनाएँ**। किस प्रकार सोना, एक मूल्यवान धातु, एक वस्त्र को बनाने के लिए उपयोग किया जाएगा जिसे अन्यथा कपड़े से बनाया जाता था? निर्गमन 39:3 व्याख्या करता है: उन्होंने सोना पीट-पीटकर उसके पत्तर बनाए, फिर पत्तरों को काट-काटकर तार बनाए ... ।"

आयतें 7-11. एपोद का आगे और पीछे का भाग **कंधे के सिरों** से जोड़े गए थे। **दो सुलैमानी मणियों**, को **सोने के खानों में जड़वाकर**, इन कंधों के सिरों पर लगा दिया गया था। "सुलैमानी पत्थर" के लिए शब्द (שֹׁהַם, *सोहोअम)* एक अति मूल्यवान पत्थर का उल्लेख करता है जो एक "आग की चमक से भी जगमगा" सकता था-यह आज के सुलैमानी मणि के समान नहीं है, "जो न तो मूल्यवान और न ही चमकदार है।"[3] प्रत्येक मणि पर **इस्राएल के छः पुत्रों के नाम उनकी उत्पत्ति के अनुसार खोदे जाने थे**। "इस्राएल के पुत्र" इनका अन्य स्थानों पर "बारह गोत्रों" के रूप में उल्लेख किया गया है (24:4; 28:21; 39:14)।

आयतें 12-14. ये सुलैमानी **मणि** जिन पर **इस्राएल के पुत्रों** के नाम खुदे थे वे

एक **स्मारक** का कार्य करने वाले थे। पत्थर प्रत्यक्ष तौर पर इस्राएल के सभी लोगों का प्रतीक थे; हारून जब वह यहोवा से क्षमा और आशीष देने की प्रार्थना करने जाता तो वह **यहोवा के सामने उनके नामों को अपने दोनों कन्धों पर लेकर एक स्मारक के रूप में जाने वाला था।**

सीनाबन्द और ऊरीम और तुम्मीम (28:15-30)

15"फिर न्याय की चपरास अथवा सीनाबन्द को भी कढ़ाई के काम का बनवाना, एपोद के समान सोने, और नीले, बैंजनी और लाल रंग के और बटी हुई सूक्ष्म सनी के कपड़े की उसे बनवाना। 16वह चौकोर और दोहरी हो, और उसकी लम्बाई और चौड़ाई एक बित्ते की हो। 17और उसमें चार पंक्ति मणि जड़ाना। पहली पंक्ति में तो माणिक्य, पद्मराग और लालड़ी हों; 18दूसरी पंक्ति में मरकत, नीलमणि और हीरा: 19तीसरी पंक्ति में लशम, सूर्यकांत और नीलम; 20और चौथी पंक्ति में फीरोज़ा, सुलैमानी मणि और यशब हों; ये सब सोने के खानों में जड़े जाएँ। 21और इस्राएल के पुत्रों के जितने नाम हैं उतने मणि हों, अर्थात् उसके नामों की गिनती के अनुसार बारह नाम खुदें, बारहों गोत्रों में से एक एक का नाम एक एक मणि पर ऐसे खुदे जैसे छापा खोदा जाता है। 22फिर चपरास पर डोरियों के समान गूँथे हुए चोखे सोने की जंजीर लगवाना; 23और चपरास में सोने की दो कड़ियाँ लगवाना, और दोनों कड़ियों को चपरास के दोनों सिरों पर लगवाना। 24और सोने के दोनों गूँथे जंजीरों को उन दोनों कड़ियों में जो चपरास के सिरों पर होंगी लगवाना; 25और गूँथे हुए दोनों जंजीरों के दोनों बाकी सिरों को दोनों खानों में जड़वा कर एपोद के दोनों कन्धों के बंधनों पर उसके सामने लगवाना। 26फिर सोने की दो और कड़ियाँ बनवाकर चपरास के दोनों सिरों पर, उसकी उस कोर पर जो एपोद के भीतर की ओर होगी लगवाना। 27फिर उनके सिवाय सोने की दो और कड़ियाँ बनवाकर एपोद के दोनों कन्धों के बंधनों पर, नीचे से उसके सामने और उसके जोड़ के पास एपोद के काढ़े हुए पट्टे के ऊपर लगवाना। 28और चपरास अपनी कड़ियों के द्वारा एपोद की कड़ियों में नीले फीते से बाँधी जाए, इस रीति वह एपोद के काढ़े हुए पट्टे पर बनी रहे, और चपरास एपोद पर से अलग न होने पाए। 29जब जब हारून पवित्रस्थान में प्रवेश करे, तब तब वह न्याय की चपरास पर अपने हृदय के ऊपर इस्राएलियों के नामों को लगाए रहे, जिससे यहोवा के सामने उनका स्मरण नित्य रहे। 30और तू न्याय की चपरास में ऊरीम और तुम्मीम को रखना, और जब जब हारून यहोवा के सामने आए, तब तब वे उसके हृदय के ऊपर हों, इस प्रकार हारून इस्राएलियों के लिए यहोवा के न्याय को अपने हृदय के ऊपर नित्य लगाए रहे।"

आयतें 15, 16. महायाजक के **एपोद** की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता उसका **सीनाबन्द थी**। इसे पोशाक के किसी अन्य भाग की तुलना में अधिक स्थान दिया गया है। इसे भी एपोद के समान एक ही **सामग्री** से बनाया जाना था और **इसकी**

लम्बाई और चौड़ाई एक-एक बित्ते की थी, जो कि नौ **वर्ग** इंच के लगभग है। एक "बित्ता" एक हाथ का आधा होता है (यहेज. 43:13, 17), या नौ इंच के लगभग होता है।[4] सीनाबन्द को, स्पष्ट तौर पर "ऊरीम और तुम्मीम" को रखने के लिए एक जेब प्रदान करने हेतु **दोहरी तह** वाला बनाया जाने वाला था (28:30)। सीनाबन्द में संभवतः ऊरीम और तुम्मीम के लिए एक थैली बनाई गई होगी, परन्तु यह दृष्टिकोण पर विवादित हो चुका है।[5]

आयतें 17-20. सीनाबन्द के ऊपर चार पंक्तियों में बाढ़ मणि जड़े गए थे: (1) **माणिक्य, पद्मराग और लालड़ी** (2) **मरकत, नीलमणि और हीरा**; (3) **लशम, सूर्यकांत और नीलम**; और (4) **फीरोज़ा, सुलैमानी मणि और यशब** (देखें 39:10-14)। टिप्पणीकारों ने बारह मणियों में सांकेतिक महत्व को खोजने का प्रयास किया है। हालाँकि, मणियों की पहचान करने में कठिनाई होना और शब्द के द्वारा दी गई अल्प सूचना किसी निश्चितता पर विराम लगाती है। वास्तव में जॉन आई. डरहम ने कहा कि, "प्रयुक्त मणियों की विशिष्ट किस्मों का केवल अनुमान लगाया जा सकता है, क्योंकि हम उनके लिए प्रयुक्त शब्दों का अनुवाद निश्चितता के साथ नहीं कर सकते।"[6] इब्रानी शब्दों के द्वारा प्रस्तुत किए गए मणियों की पहचान करने की समस्या तब स्पष्ट हो जाती है जब कई संस्करणों की तुलना की जाती है। पाठकों ने इन बारह मणियों की तुलना प्रकाशितवाक्य 21:19, 20 में नए यरूशलेम की नींव के बारह पत्थरों से करने का प्रयास भी किया है। हालाँकि, बाइबल के अंग्रेजी संस्करणों में, सूचियाँ पूरी तरह से मेल नहीं खाती: दो सूचियों में सात मणियाँ एक समान हैं, परन्तु पाँच भिन्न हैं।

आयत 21. इन मणियों पर **इस्राएल के पुत्रों के नाम खोदे जाने थे**, जो कि, **बारह गोत्र** हैं। उत्पत्ति 49:28 याकूब के बारह पुत्रों के "बारह गोत्र" होने के विषय में बात करता है। इन पुरुषों के वंशज, जो मिस्र से निर्गमन में थे और सीनै तक यात्रा की थी, उनका उल्लेख "गोत्रों" के रूप में किया गया है (24:4; 28:21; 39:14)। जब उनकी जंगल में गिनती की गयी (गिनती 1), और उन्हें तम्बू के चारों और छावनी लगाने के निर्देश दिए गए (गिनती 2), तो "बारह गोत्रों" में एप्रैम और मनश्शै (उनके पिता यूसुफ के स्थान पर) सम्मिलित थे और लेवी (याजकीय गोत्र) को बाहर रखा गया था।

आयतें 22-28. सोने की कड़ियों और **जंजीरों** का निर्माण किया जाना था। वे **सीनाबन्द** और **एपोद** को आपस में बांधने के लिए थीं, ताकि **सीनाबन्द ढीला न पड़े** [हो जाए]। यहाँ पर दिए गए निर्देश विस्तृत और जटिल हैं; कोई भी आज इन्हें सीनाबन्द की नकल तैयार करने के लिए कठिन पाएगा। हालाँकि, स्पष्ट तौर पर पहले के पाठक महायाजक के वस्त्रों से परिचित थे और इसी कारण सम्भवतः निर्देशों के लिए उनकी अच्छी समझ रही होगी। डरहम ने टिप्पणी की और कहा कि, "दोहराव और संक्षिप्तता का उत्सुक सम्बन्ध बताता है कि इन निर्देशों को उन लोगों के लिए निर्धारित किया गया था जो जानते थे कि क्या वर्णित किया जा रहा था।"[7]

आयत 29. यह वस्तु एक **न्याय की चपरास या सीनाबन्द थी** - इसके विवरण

के आरम्भ और अंत में किया गया एक कथन (28:15, 29)। "न्याय" के लिए उपयोग किया गया इब्रानी शब्द (מִשְׁפָּט, *मिश्पात)* "निर्णय लेने" का संकेत करता हुआ प्रतीत होता है।[8] और सम्भवतः परमेश्वर की इच्छा पता लगाने में सीनाबन्द द्वारा निभाई भूमिका का उल्लेख करता है, विशेषतः उस स्थान के रूप में जहाँ पर ऊरीम और तुम्मीम को रखा जाता था।

सीनाबन्द का एक और कार्य भी था: क्योंकि इस्राएल के पुत्रों का नाम उस पर पाए जाते, महायाजक **पवित्र स्थान में प्रवेश करते समय, यहोवा के सम्मुख एक स्मारक के रूप में इस्राएल के पुत्रों के नाम ... अपने हृदय पर उठाए हुए होता था।** अन्य शब्दों में, जब भी महायाजक पवित्र स्थान में प्रवेश करता था, तो वह सम्पूर्ण इस्राएल को यहोवा के सामने लेकर आता था, और परमेश्वर से उसके लोगों को आशीष देते हुए स्मरण करने की प्रार्थना करता था। "याहवेह के सम्मुख गोत्रों को उठाकर ले जाने" का अर्थ "उनके दोषों को उठाकर ले जाने" या "प्रार्थना में उनके लिए मध्यस्थता करना हो सकता है।"[9]

आयत 30. ऊरीम (אוּרִים, *ऊरीम)* और **तुम्मीम** (תֻּמִּים, *तुम्मीम)* को **सीनाबन्द में** ढोया या रखा जाता था (लैव्य. 8:8)। इन दो लिप्यान्तरित शब्दों के विषय में, आर. एलन कोल ने टिप्पणी की,

> उनके नाम का अर्थ है "प्रकाश" और "सिद्धताएँ" यदि इन्हें, शाब्दिक तौर पर लिया जाए, तो ये परमेश्वर के स्वभाव का सन्दर्भ हो सकते हैं जिसकी इच्छा को ये प्रकट करेंगे। परन्तु इन्हें "अल्फा और ओमेगा", आदि और अन्त (प्रका. 1:8) के भाव के रूप में भी उपयोग किया जा सकता है, क्योंकि शब्द इब्रानी वर्ण-कर्म (א, *आलेफ*, ת, *ताव)* से आरम्भ होते हैं।[10]

इन्हें "न्याय" और निर्णय लेने से जोड़ने के द्वारा, शब्द संकेत करता है कि ऊरीम और तुम्मीम का एक "भविष्यद्वाणी का उद्देश्य" था: वे प्रश्नों के लिए परमेश्वर के उत्तर का संकेत देते थे (गिनती 27:21; 1 शमूएल 28:6) या इनका किसी अन्य प्रकार से सम्बन्ध परमेश्वर की ओर से प्रकाशनों से था। वाल्टर सी. कैसर, जूनियर ने लिखा कि ये "संकट के समय में परमेश्वर की इच्छा को निर्धारित करने के लिए उपयोग किए जाते थे।"[11] इसके साथ ही, इनका स्वामित्व होना चिन्ह था कि वह व्यक्ति निस्संदेह महायाजक था (व्यव. 33:8; एज्रा 2:63; नहेम्य. 7:65)।

इन तथ्यों के परे, अनिश्चितता का अस्तित्व है कि वास्तव में ऊरीम और तुम्मीम क्या थे और उन्हें किस प्रकार उपयोग किया जाता था। अधिकांश बाइबल विद्यार्थी सोचते हैं कि वे उन "चिट्ठियों" के समान ही दो मणि थे जो बाइबल के समय में डाली जाती थीं (1 शमूएल 14:41, 42; नीति. 16:33; मरकुस 15:24; प्रेरितों 1:26), या पासों की एक जोड़ी के समान थे। जब उन्हें नीचे फेंककर, जिस थैली में उन्हें रखा जाता उसे खाली करने के द्वारा सम्मति की जाती थी तो वे किसी न किसी प्रकार से हाँ, न या तटस्थ उत्तर प्रदान करते थे। इस सन्दर्भ में इस्राएलियों को ऊरीम और तुम्मीम का निर्माण करने के निर्देश नहीं दिए गए थे। यह तथ्य संकेत करता है कि वे पहले से अस्तित्व में थे और उनका उपयोग किया जाता था।[12]

बागा (28:31-35)

[31]"फिर एपोद के बागे को सम्पूर्ण नीले रंग का बनवाना। [32]उसकी बनावट ऐसी हो कि उसके बीच में सिर डालने के लिये छेद हो, और उस छेद के चारों ओर बख़्तर के छेद की सी एक बुनी हुई कोर हो कि वह फटने न पाए। [33]उसके नीचेवाले घेरे में चारों ओर नीले, बैंजनी और लाल रंग के कपड़े के अनार बनवाना, और उसके बीच बीच चारों ओर सोने की घंटियाँ लगवाना, [34]अर्थात् एक सोने की घंटी और एक अनार, फिर एक सोने की घंटी और एक अनार, इसी रीति से बागे के नीचेवाले घेरे में चारों ओर ऐसा ही हो। [35]और हारून उस बागे को सेवा टहल करने के समय पहना करे, कि जब जब वह पवित्रस्थान के भीतर यहोवा के सामने जाए या बाहर निकले, तब तब उसका शब्द सुनाई दे, नहीं तो वह मर जाएगा।"

आयतें 31, 32. महायाजक के लिये **एपोद** के नीचे पहनने के लिये **नीले** रंग का एक **बागा** बनवाया जाता था। वह बिना सीअन के होता था, जो वस्त्र के एक टुकड़ा से बना हुआ होता था, और उसके बीच में याजक के सिर डालने के लिये **छेद** होता था, जिसमें **एक बुनी हुई कोर** होती थी। भुजाओं के लिये छेद रखे जाने के बारे में कोई भी वर्णन नहीं किया गया है, परन्तु यह माना जा सकता है कि हाथों और भुजाओं के लिये वस्त्र में छेद होते थे।[13] यूहन्ना 19:23 में बताया गया है कि यीशु का वस्त्र बिन सीअन के था, "अप्रत्यक्ष रूप से मसीह के महायाजक पदधारी होने की ओर इशारा करता है।"[14]

आयतें 33-35. उसके **नीचेवाले घेरे में चारों ओर अनार** बनवाना और **घंटियाँ** लगवाया जाना था। एक "अनार," एक छोटे पेड़ के लाल फल, जो नारंगी के आकार और एक ताजा रस उत्पन्न करता है के बारे में है। अनार का पुराने नियम में कई प्रतीकात्मक अर्थ हैं।[15] अधिकांश टिप्पणीकारों का मानना है कि अनार महायाजक के वस्त्र के ऊपरी हिस्से में बुने गए थे, परन्तु कुछ का मानना है कि वे तीन आयामी बनावट थे जो कि बागे पर लटका दिए जाते थे, जैसे घंटियाँ लगवाई जाती थीं। जब जब **हारून** सेवा टहल करने के समय भीतर जाता था पवित्रस्थान के बाहर **घंटी का शब्द सुनाई** देता रहता था, वास्तव में, इसका सुनाई देना अवश्य था **ताकि** हारून **मर न जाए**।

महायाजक के जीने या मरने से घंटियों का भला क्या सम्बन्ध था जिसे कहना कठिन है। घंटियों के शब्द सुनाई देने का एक उद्देश्य यह था कि लोगों को घंटियों के बजने की आवाज सुनकर उसकी गतिविधियों की जानकारी मिलती रहती थी, क्योंकि वे उसे देख नहीं सकते थे। यह आवाज एक संकेत था कि यहोवा ने लोगों के पापों के लिये महायाजक की भेंट स्वीकार कर ली थी और उन्हें क्षमा का आश्वासन दे दिया जाता था। परिणामस्वरूप, "तम्बू में याजक के घंटियों के शब्द सुने जाने का तात्पर्य यह था कि प्रायश्चित्त का पूरा हो जाने से आनन्द मनाया जाता था।"[16] यदि घंटियाँ नहीं सुनीं जाती थीं, तो लोग समझते थे कि महायाजक ने कुछ गलत किया था या किसी अन्य कारण से यहोवा ने उनके लिये उसकी

मध्यस्थता स्वीकार नहीं किया, और इसलिये महायाजक मर गया, और लोगों को अभी भी उनके पापों में छोड़ दिया गया। एक और सम्भावना यह है कि "मृत्यु के बारे में चेतावनी न केवल घंटियाँ बल्कि याजकीय रीति के कठोर माँगों से भी सम्बन्धित होता है।"[17]

सोने की पट्टी, अंगरखा, पगड़ी, और कमरबन्द (28:36-39)

[36]"फिर चोखे सोने की एक पट्टी बनवाना, और जैसे छापे में वैसे ही उसमें ये अक्षर खोदे जाएँ, अर्थात् 'यहोवा के लिये पवित्र।' [37]और उसे नीले फीते से बाँधना; और वह पगड़ी के सामने के हिस्से पर रहे। [38]वह हारून के माथे पर रहे, इसलिये कि इस्राएली जो कुछ पवित्र ठहराएँ, अर्थात् जितनी पवित्र वस्तुएँ भेंट में चढ़ावें उन पवित्र वस्तुओं का दोष हारून उठाए रहे, और वह नित्य उसके माथे पर रहे, जिससे यहोवा उनसे प्रसन्न रहे। [39]अंगरखे को सूक्ष्म सनी के कपड़े का चारखाने वाला बनवाना, और एक पगड़ी भी सूक्ष्म सनी के कपड़े की बनवाना, और बेलबूटे की कढ़ाई का काम किया हुआ एक कमरबन्द भी बनवाना।"

आयत 36. हारून वस्त्रागार के लिये चार वस्तुएँ आवश्यक थीं - पहनने के लिये **चोखे सोने की एक पट्टी,** "पगड़ी" (28:37, 38), "अंगरखा" और "कमरबन्द" (28:39)। शब्द "पट्टी" (ציץ, *सिट्स)* का अर्थ "फूल" से जुड़ा है।[18] विभिन्न संस्करणों में "थाली," "पदक" और "फूल" अलग अलग शब्द का अनुवाद किया गया है। सम्भवतः, यह एक फूल के आकार की सोने की एक पट्टी थी, जिस पर **यहोवा के लिये पवित्र** शब्द खोदे गए थे। महायाजक और लोग जिनकी वह प्रतिनिधित्व करता था, वे प्रभु की सेवा के लिये "अलग किए गए" थे।

आयत 37. पट्टी को महायाजक की **पगड़ी** से जोड़ा जाना था, जिसे 39:30 में "पवित्र मुकुट" या "फूलों का पवित्र मुकुट" के रूप में जाना गया है।

आयत 38. खोदे गए लेख के साथ सोने की एक पट्टी पहने हुए, **हारून** की पहचान महायाजक के रूप में की जाती थी। इस प्रकार, उसने लोगों के लिये मध्यस्थता करने और परमेश्वर के पवित्र लोगों के दोष सहित **पवित्र वस्तुओं का दोष उठाए रह[ने]** का विशेषाधिकार और जिम्मेदारी दोनों सम्भाली थी। जैसा कि पिछली आयत 35 में बताया गया था, हारून को उचित वस्त्र पहनना था ताकि उनके लोगों के पापों के लिये प्रायश्चित किया जा सके।

आयत 39. अंगरखा एक चुस्त नाप वाला कपड़ा था जो बागे से लम्बा होता था और उसे नीचे पहना जाता था। कैसर ने इसका वर्णन "एक लम्बे सफेद सनी के कोट के रूप में किया जो सनी जाँघिया या लंगोट (आयत 42) के ऊपर पहना जाता था, जो कि ... जो टखनों तक नीचे और चुस्त नाप वाला होता था।"[19] जोसेफस ने कहा कि यह सनी का वस्त्र पैरों तक पहुँचता था, शरीर से चिपका हुआ होता था, और उसमें बाँहों में अस्तीन होते थे जिसे भुजाओं से कसकर बांधी जाती थी। यह "छाती से लगकर कोहनी से थोड़ा ऊपर होता था, कमरबन्द से ... इतना ढीला

बुना हुआ होता था, कि आप सोचेंगे कि यह एक साँप की त्वचा थी।"[20] महायाजकों के अंगरखे दूसरे याजकों से अलग थे। यद्यपि सभी अंगरखे **सूक्ष्म सनी** के कपड़े के बने होते थे, परन्तु महायाजक के अंगरखे **चारखाने वाला** बनाया जाता था जबकि अन्य लोगों के लिये सादा बनवाया जाता था।

कमरबन्द कमर के चारों ओर पहना जानेवाला एक सजावटी पट्टे की तरह होता था। जिस सामग्री का उपयोग इसे बनाने के लिये किया जाता था उसका उल्लेख नहीं किया गया है। सबसे अधिक सम्भावना है, तम्बू के पर्दे को बनाने में जिस प्रकार की सामग्री का प्रयोग होता था वैसा ही महायाजक के लिये भी किया जाता था।

महायाजक और याजकों के वस्त्र के बीच का अन्तर इस तथ्य पर निर्भर करता है कि महायाजक के कपड़े अधिक परिश्रम से बनाए जाते थे: महायाजक के चारखाने वाला (28:4) वस्त्र के अतिरिक्त, उनके पास कमरबन्द होता था जिस पर **कढ़ाई का काम** किया होता था, और "टोपी" (28:40) के बदले एक **पगड़ी** होती थी। महायाजक के पास नियमित वस्त्र होते थे जो सभी याजकों द्वारा पहने जाते थे, और वह बागा, एपोद, चपरास और पगड़ी पर चोखे सोने की एक पट्टी भी पहनता था।

अंगरखा, कमरबन्द, टोपियाँ, और सनी के कपड़े की जाँघिया (28:40-43)

[40]"फिर हारून के पुत्रों के लिये भी अंगरखे और कमरबन्द और टोपियाँ बनवाना; ये वस्त्र भी वैभव और शोभा के लिये बनें। [41]अपने भाई हारून और उसके पुत्रों को ये ही सब वस्त्र पहनाकर उनका अभिषेक और संस्कार करना, और उन्हें पवित्र करना कि वे मेरे लिये याजक का काम करें। [42]और उनके लिये सनी के कपड़े की जाँघिया बनवाना जिनसे उनका तन ढपा रहे, वे कमर से जाँघ तक की हों; [43]और जब जब हारून या उसके पुत्र मिलापवाले तम्बू में प्रवेश करें, या पवित्रस्थान में सेवा टहल करने को वेदी के पास जाएँ, तब तब वे उन जाँघियों को पहने रहें, न हो कि वे पापी ठहरें और मर जाएँ। यह हारून के लिये और उसके बाद उसके वंश के लिये भी सदा की विधि ठहरे।"

आयतें 40-43. याजकीय वस्त्र बनाने के निर्देश तम्बू में सेवा करते समय दूसरे याजकों के पहनने के लिये वस्त्र बनाने के निर्देश के साथ समाप्त होते हैं:, जो कपड़े पहनते थे: **अंगरखे और कमरबन्द**, **टोपियाँ** और **सनी के कपड़े की जाँघिया**।

लेख में चार तथ्यों को अन्य याजकों और उनके कपड़ों के संदर्भ में बताया गया है (1) महायाजक के वस्त्रों के समान (28:2), याजकों के वस्त्रों को भी **वैभव** और **शोभा के लिये** बनाया गया था (28:40), यद्यपि उनके पास सोने, रत्न या शानदार रंग नहीं थे। (2) याजकों को इन वस्त्रों को पहनाना **याजक का काम** करने के लिये

उन्हें पवित्र किए जाने के साथ मजबूती से जोड़ता था (28:41; देखें 40:13, 14)। (3) "सनी के कपड़े की जाँघिया" जिनसे याजकों का **तन ढपा रह[ता था]**, पहनना अनिवार्य था जब वे वेदी पर सेवा टहल करते थे ताकि **न हो कि वे पापी ठहरें और मर जाएँ** (28:42, 43)। महायाजक के समान याजक भी, एक उच्च जोखिम वाले काम में लगे हुए थे। परमेश्वर जो चाहता था यहोवा के निवास स्थान में सेवा टहल करते समय उसे करने में विफल होना मृत्यु दण्ड के योग्य अपराध था। (4) सनी के कपड़े की जाँघिया पहनना जिसे एक सदा की **विधि** ठहराना आवश्यक था। निश्चय ही, याजकों से सम्बन्धित सभी नियम जब तक नियम का प्रभाव रहता था उन्हें ध्यान में रखा जाना चाहिए था।

अनुप्रयोग

याजकपद का उद्देश्य (अध्याय 28)

निर्गमन 28 बाइबल के उन अध्यायों में से एक है, एक पाठक जिसे छोड़ने का इच्छुक हो सकता है। यह बताता है कि याजक के वस्त्र कैसे बनाए जाते थे। हम पूछ सकते हैं, "यह हमारे लिये जानना क्यों आवश्यक है कि याजक किस प्रकार के वस्त्र पहनते थे?" जबकि निर्गमन 28 में आज हमें याजकों के वस्त्र बनाने की जानकारी की आवश्यकता नहीं है, परन्तु, जो वस्त्र याजक पहना करते थे, वह हमें याजकीय पद के उद्देश्य के बारे में कुछ बातों को सिखा सकता है। याजकों की भूमिका के बारे में सीखना हमें महायाजक के रूप में मसीह की भूमिका और हर एक याजक मसीही को एक याजक के समान कार्य को करने में समझने में हमारी सहायता कर सकता है। एक याजक का उद्देश्य क्या था?

याजक परमेश्वर के सामने मनुष्य का प्रतिनिधित्व करता था। याजक मनुष्य और परमेश्वर के बीच एक मध्यस्थ के रूप में सेवा टहल करता था। इस भूमिका में उसे परमेश्वर के सामने मनुष्य के लिये मध्यस्थता करने की आवश्यकता थी। याजक लोगों के बलिदानों को लेता और उन्हें परमेश्वर के आगे प्रस्तुत करता था, वह मिलापवाले तम्बू की आराधना का नेतृत्व करता था और प्रायश्चित्त की रीति पर काम करता था।

याजक के कार्य के इस पहलू को उन कपड़ों से उजागर किया गया है जो महायाजक पहना करता था। महायाजक के वस्त्र की मुख्य विशेषता एक एपोद था - बारीकी से बुना, एक रंगीन बनियान या लुंगी जैसा की एक वस्त्र जो उसके बागे के ऊपर पहना जाता था। एपोद का सबसे महत्त्वपूर्ण विशेषता बारह कीमती पत्थरों वाली एक चपरास थी, जिसमें से प्रत्येक में "इस्राएल के बारह पुत्रों" में से हर एक का नाम लिखा होता था। एपोद में दो कंधे का हिस्सा था, जिस पर दो गोमेद पत्थर लगाया गया था। हर एक गोमेद के पत्थर में इस्राएल के बारह में से छः पुत्रों के नाम खोदे जाते थे। जब महायाजक लोगों के लिये प्रायश्चित्त करने के लिये सबसे पवित्र स्थान पर जाता था, तो वह लोगों को प्रतीकात्मक रूप से अपने साथ ले जाता था। वह परमेश्वर के सामने लोगों के प्रतिनिधि के रूप में अपनी

भूमिका का सदा स्मरण किया जाना पहना हुआ होता था।

आज, यीशु मसीही का महायाजक है (इब्रा. 8:1)। वह परमेश्वर के आगे हमारा प्रतिनिधित्व करता है (1 तीमु. 2:5; 1 यूहन्ना 2:1)। हमारे महायाजक के रूप में, उसने एक बार सदा काल के लिये अति पवित्र स्थान में प्रवेश किया - इस्राएल के महायाजक के समान नहीं, जो पूरे वर्ष में एक बार अति पवित्र स्थान में जाता था। जानवरों के लहू के बदले, मसीह ने हमारे पापों के प्रायश्चित्त के लिये अपना लहू का बलिदान कर दिया (इब्रा. 9:25, 26)। जानवरों का बलिदान पापों को दूर नहीं कर सकता (इब्रा. 10:4), परन्तु मसीह का स्वयं का बलिदान कर सकता है और उसने किया। हमारे महायाजक के रूप में उसका कार्य क्रूस पर आकर समाप्त नहीं हुआ। वह निरन्तर हमारे लिये मध्यस्थता करता रहता है (इब्रा. 7:25)। हमारे दयालु और विश्वासयोग्य महायाजक के रूप में, वह हमारी कमजोरियों के साथ सहानुभूति दिखा सकता है (इब्रा. 4:14-16)। यीशु, अब परमेश्वर के दाहिने हाथ बैठ, हमारे विनतियों को पिता के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है क्योंकि उसने मनुष्य के रूप में जीवन बिताया।

इसके अलावा, जो लोग मसीही हैं वे याजक हैं (1 पतरस 2:9, 10)। कलीसिया में "साधारण" मसीहियों से अलग कोई याजक वर्ग नहीं है; पादरी/सामान्य विश्वासी में कोई अन्तर नहीं है। सभी मसीही याजक हैं। "सभी" महिलाएँ साथ ही पुरुष, युवा और बूढ़े, प्रचारक, प्राचीन, और सहायक, के साथ सभी देशों और जातियों के "साधारण" सदस्य भी शामिल हैं। इस्राएल में, किसी मनुष्य का निश्चित परिवार में जन्म एक याजक बनने के लिये होता था। अब परमेश्वर के परिवार में पुनर्जन्म लेने के द्वारा हम याजक बन सकते हैं। एक याजक होने का विशेषाधिकार हर किसी के लिये उपलब्ध है।

याजक के रूप में, मसीहियों के पास परमेश्वर तक पहुँच है। हम प्रार्थना कर सकते हैं। हमारा चालचलन इस प्रकार हो कि हमारा जीवन परमेश्वर के लिये पवित्र बलिदान ठहरे (रोमियों 12:1)। हम मसीह के लहू से शुद्ध किए गए हैं, परन्तु हम उसके लहू को "ज्योति में चलने" (1 यूहन्ना 1:7) के द्वारा उपयुक्त ठहराते हैं, जिसमें हमारे पापों का पश्चाताप करना और उसे ग्रहण करना शामिल है (प्रेरितों 8:22; 1 यूहन्ना 1:9)। क्रूस पर मसीह के लहू बहाए जाने के आधार पर, हम किसी दूसरे मनुष्य की सहायता के बिना अपने पापों से छुटकारा प्राप्त कर सकते हैं।

क्या इसका अर्थ यह है कि मसीह की कलीसिया में याजकों की मध्यस्थ की भूमिका नहीं होती है? जबकि प्रत्येक याजक (मसीही) को अपनी ओर से परमेश्वर से संपर्क करने का अधिकार है, जबकि हर किसी को भी दूसरों की ओर से परमेश्वर से संपर्क करने का विशेषाधिकार प्राप्त है। हमें "एक दूसरे के लिये प्रार्थना" करने के लिये कहा गया है (याकूब 5:16)। मध्यस्थता की प्रार्थना में बड़ी सामर्थ्य है!

याजक परमेश्वर के सामने मनुष्य का प्रतिनिधित्व करता था। याजक के वस्त्र भी याजक का परमेश्वर के साथ निकट सम्बन्ध को दर्शाते हैं। लेख वर्णन करता है कि हर एक याजक परमेश्वर का याजक (28:3, 4, 41) होता था। महायाजक अपने पगड़ी पर चोखे सोने की एक पट्टी पहनता था जो उसे "यहोवा के लिये

पवित्र" घोषित करता था (28:36)। महायाजक के वस्त्र "वैभव और शोभा के लिये" (28:2, 40), परमेश्वर के वैभव और शोभा का सुझाव देते थे। चपरास में "ऊरीम और तुम्मीम" (28:30) रखा जाता था, जिसके द्वारा परमेश्वर ने इस्राएल को अपनी इच्छा जताई।

इस्राएली लोग, परमेश्वर के याजकों का राज्य (19:6), अन्य देशों के लिये परमेश्वर का प्रतिनिधित्व करने के लिये थे। इस्राएल के माध्यम से, परमेश्वर ने इच्छा की कि वह सब जातियों के बीच जाना जाए और महिमा पाए। इस्राएल को "जाति-जाति के लिये ज्योति" होना था (यशा. 49:6)।

हमारे महायाजक, यीशु मसीह - देहधारी परमेश्वर - परमेश्वर के सामने मनुष्य का प्रतिनिधित्व करने के लिये पृथ्वी पर आया था। उसे जानना पिता को जानना है (यूहन्ना 14:6-9)। उसके नए नियम के माध्यम से हमें वह परमेश्वर की इच्छा को ज्ञात कराता है।

मसीही लोगों का परमेश्वर के याजकों का समाज होने के रूप में जिम्मेदारी है, कि वे परमेश्वर के आगे मनुष्य का प्रतिनिधित्व करें। "हमारी ज्योति चमके" और हमारे महान महायाजक ने सभी के लिये उद्धार (और याजकीय पद) को उपलब्ध को कराया है (देखें 1 पतरस 2:9, 10) कि सुसमाचार का प्रचार करने के द्वारा हम अपना याजकीय कार्य को आगे बढ़ाते हैं।

निष्कर्ष। एक याजक होने का क्या अर्थ है? याजकों के रूप में, हमारे पास परमेश्वर तक पहुँच और पवित्र स्थान में प्रवेश करने का अधिकार है। हमारे पास जिम्मेदारियाँ भी हैं: दूसरों के लिये मध्यस्थता करने, परमेश्वर की आराधना करने, और हमारे कार्यों और हमारे शब्दों के माध्यम से उसकी इच्छाओं को संसार को ज्ञात कराने के लिये पृथ्वी पर उसके प्रतिनिधि होने के लिये है।

"याजकीय वस्त्र" आज के समय में (अध्याय 28)

परमेश्वर पुराने नियम के समय में उसके याजकों के पहनने के विषय में चिन्तित था। आज वह चिन्तित है कि उसके याजक (मसीही) क्या पहनते हैं। हमें क्या पहनना चाहिए? परमेश्वर किसी विशिष्ट प्रकार के वस्त्र या पोशाक को निर्दिष्ट नहीं करता है कि हर मसीही को वह पहनना है, परन्तु वह यह निर्दिष्ट करता है कि हमें आत्मिक रूप से कैसे वस्त्र पहनना है। हमने (स्वयं में) "मसीह को पहन" लिया है (गला. 3:26, 27), और हमें इसी के समान जीना चाहिए (कुलु. 3:1-17)।

हारून के पुत्रों ने पाप किया (28:1; लैव्य. 10:1, 2)

पुराना नियम में परमेश्वर के कई महान लोगों के समान, हारून के बच्चे थे जो परमेश्वर के साथ विश्वासयोग्य नहीं थे; उसके चार बेटों में से दो उनके पाप के कारण मर गए (28:1; लैव्य. 10:1, 2)। एक अच्छे मनुष्य होने और परमेश्वर का एक जन होने के नाते यह गारंटी नहीं दे सकते कि आपके बच्चे परमेश्वर के प्रति

विश्वासयोग्य होंगे। परन्तु, परमेश्वर ने हारून को उनके बेटों की विफलता के लिये जिम्मेदार नहीं ठहराया।

बारह गोत्र - एक समाज (28:9-11, 21)

पवित्र स्थान (25:30; लैव्य. 24:5-9) में मेज़ पर रखी बारह रोटियों के समान, चपरास पर बारह पत्थर और दो गोमेद पत्थरों पर बारह नाम सम्पूर्ण इस्राएल (28:9-11, 21) का प्रतिनिधित्व करते थे। तथ्य यह है कि उन बारहों को एक साथ रखा जाना यह सुझाव देता है कि परमेश्वर इस्राएली लोगों में उनकी आवश्यक एकता से प्रभावित होना चाहता था। वे बारह गोत्र थे, परन्तु वे केवल एक ही समाज थे। आज की कलीसिया को परमेश्वर के लोगों की आवश्यक एकता को स्मरण करने की आवश्यकता है मसीह में हम सब एक - एक समाज हैं (1 कुरि. 12:12; इफि. 4:4)।

मसीही - "यहोवा के लिये पवित्र" (28:36)

महायाजक अपनी पगड़ी पर एक पट्टी पहनता था जिसपर "यहोवा के लिये पवित्र" (28:36) अक्षर खोदे जाते थे। मसीह, मसीही का महायाजक पवित्र है, जैसे परमेश्वर पवित्र है। जो लोग मसीही हैं वे भी "यहोवा के लिये पवित्र" हैं। वास्तव में, कलीसिया एक "पवित्र समाज" है (1 पतरस 2:9, 10)। पवित्र होने का क्या अर्थ है? (1) पवित्रता वह अवस्था है जिसमें हम मसीही स्वयं को पाते हैं। हम "पवित्र" हैं, जिसमें से हम परमेश्वर के इस्तेमाल के लिये अलग या पवित्र किए गए हैं (1 कुरि. 6:11)। "पवित्र किए" जाने या "पवित्र" बनने के बाद, हम "धर्मी जन" या "पवित्र लोग" बन जाते हैं। सभी मसीही धर्मी जन हैं। आपको मरने की और एक धर्मसभा के द्वारा धर्मी जन बनने की आवश्यकता नहीं है। मसीही बनकर आप एक "धर्मी जन," एक "पवित्र जन," एक अलग किया गया व्यक्ति बन जाते हैं। "पवित्रता" वह स्थिति है जिसे लोगों के बचाए जाने पर प्राप्त किया जाता है। (2) पवित्रता एक लक्ष्य है जिसके प्रति मसीही लगातार प्रयास करते हैं (इब्रा. 12:14)। जब इस अर्थ में प्रयोग किया जाता है, तो "पवित्रता" का क्या अर्थ होता है? इसका अर्थ है कि अपने आप में परमेश्वर के स्वभाव को ग्रहण कर लेना (1 कुरि. 11:1; इफि. 5:1; 1 पतरस 1:15, 16; 2 पतरस 1:4)। सदा परमेश्वर के समान बनना हमारा आजीवन जिम्मेदारी और विशेषाधिकार है। हम पवित्र किए गए हैं, या पवित्र बनाए गए हैं; परन्तु हम लगातार अधिक पवित्र बनने का प्रयत्न करते रहते हैं।

समाप्ति नोट्स

[1]आर. एलन कोल, *एक्सोडस: एन इंट्रोडक्शन एंड कमेन्ट्री*, टिन्डेल ओल्ड टेस्टामेंट कमेन्ट्रीज़ (डाउनर्स ग्रोव, इल्ल.: इंटर-वर्सिटी प्रेस, 1973), 199. [2]वाल्टर सी. कैसर, जूनियर, "एक्सोडस," इन *द एक्स्पोसिटर्स बाइबल कमेन्ट्री*, वॉल्यूम 2, *जेनेसिस-नंबर्स* (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: जोंडरवैन,

1990), 466; मेनाहेम हारान, *टेम्पल सर्विस इन एनसिएंट इज़्राएल* (विनोना लेक. इंड.: आइजन; कोल, ब्रौंस, 1985). 166,199-200. [3]हेनरी डब्ल्यू. सोल्टो, *द टेबरनेकल: द प्रीस्ट हुड एंड द ऑफरिंग्स* (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: क्रेगेल पब्लिकेशनस, 1972), 202. [4]ओविड आर. सेलर्स, "वेट एंड मेज़र्स," इन *द इंटरप्रेटर्स डिक्शनरी ऑफ़ द बाइबल*, एड. जॉर्ज आर्थर बटरिक (नेशविल: एबिंगडन प्रेस, 1962), 4:837-38. [5]डब्ल्यू. एच. जिस्पेन, *एक्सोडस*, ट्रांस. एड वैन डेर मास, बाइबल स्टूडेंट्स कमेन्ट्री (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: रीजेंसी रेफ्रेंस लाइब्रेरी, जोंडरवैन पब्लिशिंग हाउस, 1982), 267-68. [6]जॉन आई. डरहम, *एक्सोडस*, वर्ड बिब्लिकल कमेन्ट्री, वॉल्यूम 3 (वाको टेक्स.: वर्ड बुक्स, 1987), 387. [7]उपरोक्त., 384-85. [8]जिस्पेन, 266-67. [9]कोल, 200. [10]उपरोक्त., 201.

[11]कैसर, 467. [12]जिस्पेन ने एक वैकल्पिक दृष्टिकोण का उल्लेख किया - कि ऊरीम और तुम्मीम सीनाबन्द के ऊपर लगे मणियों का सन्दर्भ थे - जो उसने कहा परन्तु उसका समर्थन नहीं किया। (जिस्पेन, 269-70.) एक अन्य सम्भावना का अस्तित्व भी है, जॉन जे. डेविस ने नौ विभिन्न दृष्टिकोणों की सूची बनाई और उन पर चर्चा भी कि और इस परिणाम पर पहुँचे कि "ये वस्तुएं केवल विशेष प्रकाशनों का प्रतीक थीं जिनकी पहुँच केवल महायाजक के पास थी" (जॉन जे. डेविस, *मोसेस एंड द गॉडस ऑफ़ इजिप्ट: स्टडीज इन एक्सोडस*, 2 एड. [ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: बेकर बुक हाऊस, 1986], 285-87)। [13]डेविस, 287. [14]कोल, 201. [15]मेगान बिशप मूरे, "पोमेग्रनेट," *एर्डमैन्स डिक्शनरी ऑफ द बाइबल,* एड. डेविड नोएल फ्रीडमैन (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: विलियम बी. एर्डमैंस पब्लिशिंग कम्पनी, 2000), 1070. [16]डेविस, 287. [17]पीटर एन्स, *एक्सोडस,* द एनआईवी एप्लीकेशन कॉमेन्ट्री (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: जोन्डरवन, 2000), 531. इस विचार का सुझाव हारान ने दिया था, 218, एण्ड नहूम एम. सरना, *एक्सोडस,* द जेपीएस टोराह कॉमेन्ट्री (न्यू यॉर्क: ज्यूइश पब्लिकेशन सोसाइटी, 1991), 183. [18]डरहम, 382, 384. [19]कैसर, 467. [20]जोसेफस *एन्टीक्वीट्वीस* 3.7.2.